# जानवर हमारे जैसे ही हैं


## भाग १: जानवर हमारे जैसे ही हैं

हम सब इस बात का चुनाव कर सकते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम हमेशा जानवरों से करुणा और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं – और हम दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। ''स्वर्ण नियम'' जिसे हम अन्य व्यक्तियों के साथ हमारे संबंधों में लागू करने का प्रयास करते हैं, उन्हें जानवरों के साथ हमारे संबंधों पर भी लागू किया जाना चाहिए।

नीचे दी गई उन स्थितियों के उदाहरणों पर गौर करें, जिसमें स्वर्ण नियम जानवरों के लिए लागू नहीं किया जा रहा है। प्रत्येक के लिए, बताएं (ए) यह स्थिति गोल्डन नियम क्यों नहीं है और (बी) आप इसे कैसे बदलेंगे, जिससे यह स्वर्ण नियम का पालन करे।

**''दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार करें जैसा आप उनसे अपने लिए चाहते हैं।''**

(इसमें जानवर भी शामिल हैं!)



**१. आप एक किसान को एक ऐसे बैल को पीटते देखते हैं, जो भारी गाड़ी खींचने के लिए संघर्ष कर रहा है।**

(ए) इस स्थिति में गोल्डन नियम का पालन क्यों नहीं हुआ है?

(यहाँ लिखो) ______________________________

(बी) आप इसे बदलने के लिए क्या करेंगे?

(यहाँ लिखो) ______________________________

**२. आप देखते हैं कि एक व्यस्त सड़क पर एक पक्षी गिरा हुआ है जिसके पंख टूटे हुए हैं जिसकी बगल से बहुत से लोग जल्दी में गुजर जाते हैं।**

(ए) यह स्थिति गोल्डन नियम क्यों नहीं है?

(यहाँ लिखो) ______________________________

(बी) आप इसे बदलने के लिए क्या करेंगे?

(यहाँ लिखो) ______________________________

**३. एक दिन अपने स्कूल आने-जाने के रास्ते पर, आप छोटी जंजीर में बंधा हुआ एक कुत्ता देखते हैं, जिसके आस- पास खाना या पानी नहीं रखा है।**

(ए) इस स्थिति में गोल्डन नियम का पालन क्यों नहीं हुआ है?

(यहाँ लिखो) ______________________________

(बी) आप इसे बदलने के लिए क्या करेंगे?

(यहाँ लिखो) ______________________________

**४. आपका जिगरी दोस्त जंगल में एक कछुआ पाता है और उसे घर ले आता है।**

(ए) इस स्थिति में गोल्डन नियम का पालन क्यों नहीं हुआ है?

(यहाँ लिखो) ______________________________

(बी) आप इसे बदलने के लिए क्या करेंगे?

(यहाँ लिखो) ______________________________

**५. आपकी चचेरी बहन चाहती है कि उसके पिता उसे एक पक्षी खरीद कर दें जिसे वह पिंजरे में रखेगी।**

(ए) इस स्थिति में गोल्डन नियम का पालन क्यों नहीं हुआ है?

(यहाँ लिखो) ______________________________

(बी) आप इसे बदलने के लिए क्या करेंगे?


(यहाँ लिखो) ______________________________

## भाग २: सहानुभूति की आदत डालना

कुछ लोग जानवरों को अपने सबसे अच्छे दोस्त के रूप में देखते हैं। दूसरे उनको भयानक के रूप में देखते हैं। और कुछ लोग तो शायद ही कभी उनके बारे में सोचते हैं! लेकिन सभी जानवर – जंगल में घुमने वाले सबसे विशाल हाथी से लेकर समुद्र में रहने वाली सबसे छोटी मछली तक – यह सब जीवित हैं, भावनाएं महसूस करते हैं, बिल्कुल हमारी तरह। हम उनके लिए **सहानुभूति** रखकर उनके जीवन के बारे में और जानकारी प्राप्त कर सकते हैं – दूसरे शब्दों में, यह समझने के लिए कि वे कैसा महसूस करते हैं उनकी जगह खुद को रखने की कल्पना करके।

निम्नलिखित कहानी एक ऐसी स्थिति का वर्णन करती है जिसमें कुत्तों ने मानव के बच्चे के लिए सहानुभूति दिखाई।

## भारतीय कुत्तों ने मनुष्य के बच्चे को खतरे से बचाया



**अखबार आजकल में दिखाई गई एक कहानी के अनुसार, १९९६ की वसंत की एक शाम, कोलकाता में भूखे, बेघर कुत्तों का एक दल कचरे के ढेर में खाना ढूंढ रहा था, वहां उन्होंने एक नवजात कन्या शिशु को देखा, जिसे कचरे के पास रखा गया था। कुत्तों ने बच्ची को सूंघा, जो ठंडी थी और रो रही थी। वे शायद पहले कभी मनुष्य के बच्चे से मिले भी नहीं थे। लेकिन उन्होंने देखा कि वह छोटी और असहाय थी और उनको एहसास हुआ कि कचरा उसके रहने की जगह नहीं थी – वहां कई खतरे थे, और वहां उसे खिलाने–पिलाने या उसे गर्म रखने के लिए कोई भी नहीं था। इसलिए उन्होंने तुरंत भोजन की तलाश बंद कर दी और रात भर उसके साथ रहे। सुबह, कुछ स्थानीय लोग कचरे के पास से गुजरे और उन्होंने उस बच्ची को देखा। कुत्तों ने उनको उसे उठाने दिया, ये समझते हुए कि वे उसे किसी ऐसी जगह ले जाएंगे जो सुरक्षित होगी। स्थानीय लोग उसे एक पुलिस स्टेशन में ले गए और कुत्तों ने उनका पीछा किया और फिर बाहर इंतजार किया। जब उसके माता–पिता का पता नहीं चला, तो उसे खोए हुए बच्चों के घर ले जाया गया, जहां वह सुरक्षित रहेगी।**

यह दुनिया भर की उन कई सच्ची कहानियों में से एक है, जिसमें कुत्तों या अन्य जानवरों – जिनमें सूअर, डॉल्फिन, मुर्गियां और यहां तक कि कंगारू भी शामिल हैं – ने लोगों की जरूरत में मदद की है।

कहानी बताती है कि सहानुभूति यह समझने के लिए महत्वपूर्ण है कि कोई क्या महसूस कर रहा है। अब, नीचे दी गई प्रत्येक स्थिति को पढ़ें। दिए गए रिक्त स्थान में, लिखिए कि प्रत्येक जानवर कैसा महसूस कर सकता है।

**१. एक कुत्ता, जो एक मानव परिवार के साथ उनके घर में दरवाजे पर रहता है, महसूस करता है ...**

(यहाँ लिखो) ______________________________

**२. एक चिड़ियाघर में पिंजरे में बंद बाघ महसूस करता है ...**

(यहाँ लिखो) ______________________________

**३. एक डेयरी फार्म पर अपनी मां से दूर कर दिए गए बछड़े को महसूस होता है ...**

(यहाँ लिखो) ______________________________

## भाग ३: मैं एक जानवर हूं

अब, अपनी कल्पना को और आगे ले जाइए। कल्पना कीजिए कि आप कोई एक जानवर हैं। उस जानवर के दृष्टिकोण से एक छोटी कहानी लिखें। बताएं कि आप कैसा महसूस करेंगे अगर आप यह जानवर होते और साथ ही आप किसका आनंद लेते, किससे डरते और जीवन में क्या चाहते। उन तीन बातों को भी शामिल करें जो आपकी इच्छाएं हो सकती हैं। अपनी कहानी को एक शीर्षक दें और इस पेज के पीछे एक चित्र बनाएं, जिसका इस्तेमाल इसके साथ किया जा सके।

(यहाँ लिखो)

# भाग ३: मैं एक जानवर हूं

(यहाँ लिखो)

# पशु कमाल के होते हैं

COMPASSIONATE CITIZEN

## भाग १: जानवरों से जुड़े कमाल के तथ्य



आप जानवरों के बारे में जितना अधिक जानेंगे, जैसे कि वे क्या कर सकते हैं और वे कैसे व्यवहार करते हैं, आप उतना ही अधिक देखेंगे कि वे कितने दिलचस्प होते हैं। यहां जानवरों के बारे में कुछ ऐसे ही दिलचस्प तथ्य दिए गए हैं जो आपको हैरान कर सकते हैं:

- ✓ डॉल्फिनों ने टूटे जहाज से बचे हुए लोगों की डूबने से और शार्कों से रक्षा की है, कभी–कभी कई किलोमीटर तक लोगोंको तैराने में मदद की।
- ✓ बीवर समाज में रहते हैं जिसमें घर, लॉज और खाद्य भंडारण शामिल होते हैं।
- ✓ मुर्गियां भविष्य के बारे में चिंता करती हैं।
- ✓ जब खतरा या खराब मौसम होता है तो गायें अपने बछड़ों को सुरक्षा देने के लिए उनके चारों ओर घेरा बना लेती हैं।
- ✓ हाथी मिट्टी में चित्र बनाने के लिए कभी–कभी टहनियों का उपयोग करते हैं।
- ✓ बारिश को अंदर आने से रोकने के लिए ओरंगुटान अपने मफ्घोंसलेङ्ङ्ङ के ऊपर प्लेटफॉर्म का निर्माण करते हैं और बड़ी पत्तियां छतरियों की तरह डालते हैं।
- ✓ ''वार्ब्लर्स'' नाम के पक्षी कनाडा से लेकर दक्षिण अमेरिका तक और फिर वहां से उड़ान भरते हुए, फिर उसी जगह बने अपने घोंसले पर लौट आते हैं।
- ✓ भेड़ कम से कम ५० दूसरी भेड़ों के चेहरे को पहचान सकती हैं और उन्हें याद रख सकती हैं।
- ✓ अंटार्कटिक के जमा देने वाले मौसम में, भोजन के बिना नर एंपरर पेंगुइन मादाओं के अंडों को दो महीनों तक सुरक्षित और गर्म रखते हैं।
- ✓ ''इलेक्ट्रिक'' मछली और ईल विद्युत संकेतों को भेजकर एक दूसरे के साथ संवाद करती हैं।







उस तथ्य को चुनें जिसने आपको सबसे अधिक हैरान किया। यह जानकारी उस जानवर के बारे में सोचने या महसूस करने के आपके तरीके को कैसे बदलती है? कुछ वाक्यों में, अपनी प्रतिक्रिया बताएं:

(यहाँ लिखो)

| |
|---|
| |

## भाग २: जानवर से जुड़ी अपनी जानकारी की परीक्षा लें




**जानवरों के बारे में आप कितना जानते हैं? चलिए आपकी जानकारी की परीक्षा लें! नीचे दिए प्रत्येक कथन को पढ़ें। यदि कथन सही है तो ''सही'' कॉलम पर या अगर यह गलत है तो ''गलत'' कॉलम पर टिक करें।**

| | सही | गलत |
|---|---|---|
| १. चूहों को गुदगुदी किया जाना पसंद है, और वे चहकने की आवाजें निकालते हैं, जो उसी तरह की होती है जैसी हम हंसते समय निकालते हैं। | ❑ | ❑ |
| २. गायें खेल खेलती हैं और कुछ अपने सबसे अच्छे दोस्तों को उस समय चुनती हैं जब वे बहुत छोटी होती हैं। | ❑ | ❑ |
| ३. सूअर वीडियो गेम खेल सकते हैं। | ❑ | ❑ |
| ४. मुर्गियां अपने चूजों को आनंदमय गाना सुनाती हैं जब वे अंडे में ही होते हैं। | ❑ | ❑ |
| ५. हाथी अपने मृत रिश्तेदारों की हड्डियों को छूकर और पकड़कर शोक जताते हैं। | ❑ | ❑ |
| ६. कुत्ते की गंध सूंघने की शक्ति मनुष्य की तुलना में हजारों गुना बेहतर होती है। यहां तक कि कुत्ते स्मोक डिटेक्टरों द्वारा पता लगाए जाने से पहले ही धुएं की गंध सूंघ सकते हैं। | ❑ | ❑ |
| ७. चीता दुनिया के सबसे तेज मानव धावकों से दो गुना तेज दौड़ सकते हैं। | ❑ | ❑ |
| ८. पक्षी महासागरों के ऊपर और यहां तक कि तूफानों के बीच से खोए बिना सैकड़ों किलोमीटर तक प्रवास करते हैं। | ❑ | ❑ |
| ९. ऑक्टोपस और स्क्विड एक दूसरे के साथ संवाद करने के लिए रंग बदलते हैं। | ❑ | ❑ |

## भाग ३: वे कैसा महसूस करते हैं?

हम अभी भी जानवरों की भाषा पूरी तरह से समझ नहीं पाते हैं, लेकिन हम जानते हैं कि वे अपने तरीके से एक दूसरे के साथ संवाद करते हैं और हम यह कल्पना कर सकते हैं कि वे क्या सोचते हैं और क्या महसूस करते हैं।

एक जंगली जानवर चुनें और उस प्रजाति के प्राकृतिक निवास स्थान के बारे में पता करें। फिर, कागज की एक खाली शीट पर, जानवरों के दृष्टिकोण से मानवों को एक पत्र लिखिए, जिसमें मानवों के कारण हुई उस समस्या का जिक्र करें जो उस प्रजाति को प्रभावित करता है जैसे शिकार या वनों का विनाश। अपने आप को जानवर के स्थान पर रखें और बताएं कि आप अपने घर और जीवन के बारे में क्यों चिंतित हैं।




# आप जानवरों को कैसे बचा सकते हैं


COMPASSIONATE CITIZEN

## भाग १: जानवर के सबसे अच्छे दोस्त बनें

कुत्ते, बिल्लियां और दूसरे जानवर साथी, जो हमारे घरों में रहते हैं वे जंगली नहीं हैं – वे पालतू हैं। इसका मतलब यह है कि वे अपने संरक्षक (जो हम हैं!) पर निर्भर हैं, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उनके पास वह सब कुछ है जो सुरक्षित और सुखी जीवन के लिए उन्हें चाहिए। जानवरों की देखभाल करना एक बड़ी जिम्मेदारी है, और उनकी जरूरतों के बारे में जानना तथा उन्हें क्या पसंद और क्या नापसंद है इस बारे में ध्यान देना बहुत महत्वपूर्ण है।


इस गतिविधि के लिए, एक पालतू पशु चुनें। उन दो चीजों के बारे में सोचें जो पशु को पसंद है, दो चीजें जो आपको पसंद हैं, और दो चीजें जिनको आप दोनों पसंद करते हैं। उन्हें नीचे दिए गए रिक्त स्थान में लिखें।







## भाग १: जानवर के सबसे अच्छे दोस्त बनें

उन दो चीजों के बारे में सोचें जो जानवर को नापसंद है, दो चीजें जो आपको नापसंद हैं, और दो चीजें जिनको आप दोनों नापसंद करते हैं। उन्हें नीचे दिए गए रिक्त स्थान में लिखें।




**और याद रखें:** यदि आप अपने घर में कोई जानवर ला रहे हैं, तो उसे कभी भी पेट स्टोर या ब्रीडर से न खरीदें। बिल्लियां, कुत्ते, खरगोश, मछली, चूहे, माइस और पक्षियों को पालतू पशु के व्यापार में पीड़ित होना पड़ता है, जो उनसे वस्तुओं की तरह बर्ताव करता है, जीवित प्राणी की तरह नहीं। भारत भर में आश्रयों में घरों की प्रतीक्षा करने वाले लाखों प्यारे जानवर हैं। इन्हें अपनाकर इनके जीवन को बचाएं!



## भाग २: बदलता समय, बदलती सोच

पूरे इतिहास के दौरान, मनुष्यों ने जानवरों का खुद के स्वार्थ के लिए इस्तेमाल किया है। लेकिन शुक्र है कि, हम यह एहसास करना शुरू कर रहे हैं कि वे हमारे द्वारा इस्तेमाल किए जाने या दुर्व्यवहार किए जाने के लिए नहीं हैं। नीचे दिए गए तरीकों के बारे में सोचें, जिसमें मनुष्य जानवरों का इस्तेमाल करते हैं, फिर हर एक के लिए पशु–अनुकूल विकल्प लिखें।



**ईंटों को ढोने के लिए गधों का इस्तेमाल करना**
(यहाँ लिखो)



**गायों की चमड़ी को जूतों में बदलना**
(यहाँ लिखो)



**जानवरों को सर्कस में करतब करने के लिए मजबूर करना**
(यहाँ लिखो)

## भाग ३: जानवर की ज्यादा जनसंख्या = दुखद गणित

भारत में, लाखों कुत्तों और बिल्लियों को सड़कों पर जीवित रहने के लिए संघर्ष करना पड़ता है या वे पशु आश्रयों में मर जाते हैं क्योंकि उन सभी के लिए पर्याप्त अच्छे घर नहीं हैं। इसी कारण से यह सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे साथी कुत्तों और बिल्लियों की पशुचिकित्सक द्वारा नसबंदी की जाए। यह भी महत्वपूर्ण है कि हम हमेशा जानवरों को बेघर–पशु संकट को बदतर बनाने वाले पेट स्टोर या ब्रीडरों से खरीदने के बजाय, उन्हें आश्रयों से अपनाएं।

एक मादा कुतिया जिसकी नसबंदी नहीं की गई है, हर साल दो बार छह–छह पिल्लों को जन्म दे सकती है। **मान लें कि प्रत्येक बार तीन नर और तीन मादा जन्म लेते हैं।** नीचे दिए गणित के सवाल का जवाब हमें यह समझने में मदद करेगा कि सड़कों पर और आश्रयों में इतने सारे कुत्ते और बिल्लियां क्यों हैं और क्यों यह महत्वपूर्ण है कि मानव उनकी मदद करने के लिए कदम उठाएं।

दाईं तरफ दिए गए बॉक्स में प्रत्येक वाक्य में बताई कुत्तों की संख्या लिखें। जहां दिखाया गया है वहां योग की गणना करें।

**१. रानी नसबंदी न की गई मादा कुतिया है। (१ × १)** ............ ________

\+ ________

**२. गर्मियों में, वह ६ पिल्लों को जन्म देती है, ३ नर और ३ मादा। (१ × ६)** ............ = ________

**कुल ए**

________

**३. मानसून के मौसम में, वह दूसरी बार एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती है। (१ × ६)** ............ + ________

**४. उसकी ३ बेटियां, प्रत्येक एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती हैं। (३ × ६)** ............ = ________

**कुल बी**

________

**५. अगली शरद ऋतु में, वह तीसरी बार एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती है। (१ × ६)** ............ + ________

**६. उसकी ६ बेटियां, प्रत्येक एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती हैं। (६ × ६)** ............ + ________

**७. उसकी ९ पोतियां, प्रत्येक एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती हैं। (९ × ६)** ............ = ________

**कुल सी**

**८. अगली सर्दी में, वह चौथी बार एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती है। (१ × ६)** ............ ________

\+ ________

**९. उसकी ९ बेटियां, प्रत्येक एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती हैं। (९ × ६)** ............ + ________

**१०. उसकी २७ पोतियां, प्रत्येक एक साथ ६ पिल्लों को जन्म देती हैं। (२७ × ६)** ............ = ________

**कुल डी**

________ + ________ + ________ + ________ = ________

**कुल ए** **कुल बी** **कुल सी** **कुल डी** **कुल योग**

## अब, निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दें:

- रानी को इतने सारे पिल्ले पैदा करने से रोकने के लिए क्या किया जाना चाहिए था?
- वह सबसे महत्वपूर्ण चीजें कौन सी हैं, जिनको लोग बेघर जानवरों की संख्या को कम करने के लिए कर सकते हैं? अपने विचार इस पेज के पीछे लिखें।

